02/F.C/S.D.R दिनांक-17.3.2026

कार्यालय : प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद (लखनऊ खण्डपीठ) के पत्रांक 1928/S.F.C.M. Cell/Lucknow, दिनांक 28.02.2026 के अनुपालन में, परिवार न्यायालय, सिद्धार्थनगर में 01 (एक) परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति की जानी है। उक्त नियुक्ति के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 102/VII/न्याय-2-2015-728/86 दिनांक 18 जून, 2015 के अनुसार निर्धारित अर्हता रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं।

1. आवेदक समाज शास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में से स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का अनुभवी हो। जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो, उसे वरीयता दी जाएगी।
2. आवेदक की आयु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो।
3. परामर्शदाता का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।
4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जाएगी। न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।
5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपये 1000/-(एक हजार मात्र) प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये 24,000/-(चौबीस हजार मात्र) प्रतिमाह जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर की आधिकारिक वेबसाइट https://siddharthnagar.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। जो भी उपरोक्त पद हेतु इच्छुक हों, वे अपना पूर्ण भरा हुआ आवेदन-पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रति सहित दिनांक 31.03.2026 तक प्रशासनिक कार्यालय, परिवार न्यायालय सिद्धार्थनगर में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

दिनांक-17.03.2026

17/03/26

प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर उक्त विज्ञप्ति की एक-एक प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर, सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट सिद्धार्थनगर के नोटिस बोर्ड पर, बाह्य न्यायालय बांसी एवं डुमरियागंज के नोटिस बोर्ड पर तथा ग्राम न्यायालय इटवा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

2. जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

3. सिस्टम असिस्टेन्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर उक्त विज्ञप्ति की प्रति मय प्रारूप को जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर व माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

17/03/26

दिनांक-17.03.2026

प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

परिवार न्यायालय, सिद्धार्थनगर में परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम आवेदक (हिन्दी में) ....

आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज स्व– प्रमाणित फोटो

2. नाम आवेदक (अंग्रेजी में) ....

3. पिता/पति का नाम ....

4. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) ....

5. आवेदक का पूरा स्थाई पता (पिन कोड सहित)..
....

6. आवेदक का पूरा वर्तमान पता (पिन कोड सहित)..
....

7. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर..

8. टेलीफोन/मोबाइल नम्बर ....ई–मेल..............................

9. आवेदक की शैक्षिक योग्यता

क्र० सं०	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक/ कुल अंक	प्रतिशत
01					
02					
03					
04					
05					
06					

(संगत अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। स्नातक एवं उससे उच्च स्तर पर चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।)

समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो)..
(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

पारिवारिक काउन्सलिंग का अनुभव (यदि कोई हो)..
(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

पूरा नाम: ....
पता: ....
दिनांक: ....
स्थान: ....